आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–27 जुलाई 2024 **सान्ध्य समाचार**

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं में नकल कराने या नकल करते हुए पकड़े जाने पर एक करोड़ रूपये का जुर्माना और आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। पिछली अट्ठाईस जून को आयोजित स्टाफ नर्स एलोपैथ पुरूष महिला मुख्य परीक्षा को आधार बनाते हुए आयोग ने यह चेतावनी जारी की है। जारी आदेश में आयोग के उपसचिव वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा है कि अध्यादेश के तहत परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना, नकल कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरोपण करना और इसके लिए षणयंत्र करना अपराध की श्रेणी में आते हैं। ऐसे प्रकणों में एक करोड़ रूपये तक का जुर्माना और आजीवन करावास दोनों ही सजा हो सकती है।

****

देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस और पीएसी बल में वेटेज दिया जाएगा। इसकी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अग्निवीर जब देश को अपनी सेवा देने के बाद वापस लौटेगें तो हम उन्हें प्रदेश में पुलिस और पीएसी में प्राथमिकता के आधार पर समायोजन की सुविधा देगें। इसके तहत अग्निवीरों को एक निश्चित आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन टी ए ने कल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी के लिए संशोधित फाइनल स्कोरकार्ड जारी कर दिया। जो उम्मीदवार नीट के लिए उपस्थित हुए थे। वह अपने परिणाम और स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट ुनमेजपवदेण्दजंण्बण्पद और दममजण्दजंवदसपदमण्पद पर देख सकते हैं। परीक्षा एजेंसी ने घोषणा की है कि सत्रह उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक प्राप्त की है। चौबीस लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा के दौरान जिन एक हजार पांच सौ तिरसठ उम्मीदवारों को समय का नुकसान हुआ था, उनके लिए तेईस जून को फिर से परीक्षा आयोजित की गई थी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो ऐप पर बजट दो हजार चौबीस की मूल योजना साझा की है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन और कौशल से संबंधित विभिन्न सरकारी घोषणाओं, योजनाओं और नई पहलों को सरल रूप में समझाना है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि बजट का लक्ष्य नई रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के साथ नौकरियां सृजित करना, एक मजबूत कार्यबल का निर्माण करना और नौकरी प्रदान करने वालों को सक्षम बनाना है।

****

उन्तीस जुलाई से शुरू हो रहे उत्तर प्रदेश विधानमण्डल के मॉनसून सत्र में प्रदेश सरकार दो हजार चौबीस–पच्चीस का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके माध्यम से प्रदेश सरकार प्रयागराज में कुंभ की तैयारियों के लिये धनराशि का आवंटन करेगी। साथ ही अन्य विभागों की जरूरी परियोजनाओं को पूरा करने के लिये भी अनुपूरक बजट में प्राविधान किया जायेगा। वित्त विभाग की ओर से अनुपूरक बजट लाने की तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

****

काकोरी ट्रेन एक्शन की सौवीं वर्षगांठ पर प्रदेश सरकार की ओर से नौ अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। नौ अगस्त को लखनऊ के काकोरी और शाहजहांपुर में विशेष आयोजन होगा इसके तहत स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगीं और जिला प्रशासन की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर वन विभाग काकोरी के शहिदों की याद मे प्रदेश के सभी जिलों में शहीद स्मृति वाटिका तैयार करेगा। इसके अलावा इस अवसर पर काकोरी लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा और पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

****

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह जन समस्याओं के तत्काल निस्तारण के लिए तहसीलदार और उपजिलाधिकारी का तैनाती वाली तहसील में निवास सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि जो तहसीलदार और उपजिलाधिकारी अपनी तैनाती की तहसील में निवास करते हुए न पाया जाए उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के इस मासिक कार्यक्रम की एक सौ बारहवीं कडी है। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्को, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डी डी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा।

****

अमरोहा जिले में कांवड यात्रा के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कक्षा बारह तक के विद्यालयों में सावन के प्रत्येक शनिवार और सोमवार को अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि अवकाश का आदेश सभी बोर्ड के विद्यालयों पर लागू होगा। आदेश न मानने वाले विद्यालयों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

****